**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 26.08.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र के तीसरे दिन भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हो गई है। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने संशोधन लाया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल का अधिकार छीने जाने पर सवाल खड़े किए। इसके बाद उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 को सभा पटल पर रखा गया।

***************

इससे पहले आज कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव द्वारा एसआईआर वापस लेने की मांग के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ, जिस कारण कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक स्थगित करना पड़ा।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराने और रिम्स टू की खतियानी जमीन आदिवासियों को लौटाने की मांग की, वहीं सदन के बाहर भी विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों पक्षों ने प्रदर्शन किया।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की **मेक इन इंडिया** यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के राष्ट्रीय लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण दिन है। वे गुजरात में टीडीएस लिथियम आयन बैटरी संयंत्र में हाईब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के उत्पादन का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

***************

सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालयों द्वारा सुनवाई पूरी होने के बावजूद फैसला सुनाने में लंबी देरी करने पर कड़ा रूख अपनाया है। न्यायालय का कहना है कि ऐसी स्थिति से न्यायिक प्रक्रिया में वादी का भरोसा टूटने लगता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि अगर फैसला सुरक्षित रखे जाने के बाद तीन महीने तक उसे नहीं सुनाए जाने पर रजिस्ट्रार जनरल को मुकदमे को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास लाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश संबंधित पीठ को दो सप्ताह के भीतर फैसला सुनाने को कहेंगे। अगर तब भी फैसला नहीं दिया जाता तो मुख्य न्यायाधीश किसी अन्य पीठ को मुकदमा सौंपेंगे।

***************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन में न्यायमूर्ति नवनीत कुमार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग, रांची के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने नियुक्ति संबंधी अधिसूचना का वाचन किया और अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। समारोह में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

***************

दुमका जिले में लगातार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। सभी नदी तलब पानी से भर गए हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई और सबसे अधिक 55 दशमलव 2 मिलीमीटर बारिश गिरिडीह के डुमरी में दर्ज की गई। अगले दो दिनों के दौरान राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के साथ गर्जन–तड़ित एवं वज्रपात होने की संभावना जताई गई है। साथ ही मौसम विभाग ने 29 और 30 अगस्त को कुछ हिस्सों में तेज बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

***************

हॉकी इंडिया ने घोषणा की है कि हॉकी पुरूष एशिया कप 2025 के बिहार के राजगीर में होने वाले सभी मैचों के लिए आगंतुकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। प्रतियोगिता 29 अगस्त से सात सितम्बर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगी।